श्याम अपने चरणों में देदे नौकरी

कर ले कबूल इक विनती मेरी,
श्याम अपने चरणों में दे दे नौकरी,
यही पहली इच्छा, है यही आखरी,
श्याम अपने चरणों में.....

यहां वहाँ दुनिया घुमाती है मुझको,
उंगली पे अपनी नचाती है मुझको,
हार गया करके दुनिया की चाकरी,
श्याम अपने चरणों में.....

जैसा कहेगा तू वैसा ही करूँगा,
चौखट पे तेरी पड़ा मैं रहूंगा,
सारी ही मर्जी चलेगी तेरी,
श्याम अपने चरणों में.....

मुझपे ये होगा तेरा अहसान बाबा,
शर्मा का कर दे कल्याण बाबा,
संजय और दीप को आरज़ू तेरी ,
श्याम अपने चरणों में.....

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/31017/title/shyam-apne-charno-me-dede-naukri

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |